>

Title: Adverse effect on health of the people due to reported presence of high concentration of trans fats in various branded edible oils.

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद) : महोदय, जो खाद्य तेल बाजार में बिक रहे हैं, वे व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक खतरनाक हैं। सेन्टर फार साइंस एंड एनवायरनमेंट द्वारा खाद्य तेलों पर किए गए शोध में जो खुलासा हुआ है, उसके मुताबिक राग, पनघट, रथ एवं गगन सर्वाधिक खतरनाक खाद्य तेल हैं। इनमें ट्रंसफैट, बनावटी चर्बी निर्धारित मानक से 5 से 12 गुना अधिक है। सीएसई की शोध के अनुसार सर्वाधिक घातक अदानी विल्मर लिमिटेड का राग ऑयल है जिसमें बनावटी चर्बी सर्वाधिक 23.31 प्रतिशत है जो डेनमार्क के निर्धारित मानक से 2 से 12 गुना अधिक है। घातक खाद्य तेलों में दूसरे स्थान पर मवाना शुगर मिल्स का पनघट तेल है, जिसमें बनावटी चर्बी की मात्रा 23.7 प्रतिशत है। इसी प्रकार रथ, गगन, जिंदल तथा डालडा आदि में भी बनावटी चर्बी की मात्रा अधिक है। आज कोई भी खाद्य तेल ब्रांड भरोसे लायक नहीं है। ऐसा लगता है कि भारत का स्वास्थ्य मंत्रालय तेल कंपनियों के दबाव में है। स्वास्थ्य मंत्री जी का जो बयान अखबारों में छपा है, उससे लगता है कि वह लाचार हैं। उन्होंने कहा कि यह सही है कि ये खाद्य तेल मानक के अनुरूप नहीं हैं, लेकिन हम कुछ नहीं कर सकते हैं।

मैं आपके मार्फत भारत सरकार से मांग करूंगा कि जो खाद्य तेल मानक के अनुरूप नहीं हैं, उनके खिलाफ प्रभावी कानून बनाया जाए जिससे लोगों की जिन्दगी से खिलवाड़ करने वाले लोगों को किसी भी कीमत पर मनमानी करने की छूट न मिल सके। [R12]